तापमान

अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, रविवार, 23 मार्च, 2025



12 आश्रम के बच्चों ने प्राणनाथ नाटिका के मंचन से मन मोहा





12 समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए एकजुट...




## खबर संक्षेप

### शहीद उधम सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट का किया गठन

**नारनौंद।** गांव लोहारी राघो में धर्म समाजसेवा और लोक कल्याण के लिए शहीद उधम सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट का रजिस्ट्रड भी करवाया गया है। कम्बोज गुरुद्वारा में हुई बैठक में सर्वसम्मति से पूर्ण चंद कम्बोज को प्रधान और हरीकृष्ण कम्बोज को उपप्रधान चुना गया। सुरेंद्र कम्बोज सचिव, कश्मीर कम्बोज सहसचिव, गौरव कम्बोज कोषाध्यक्ष और पत्रकार संदीप कम्बोज प्रेस सचिव बनाए गए हैं।

### स्वयंसेवकों ने पार्क में किया श्रमदान

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप का पांचवां दिन प्रभात फेरी और योगासन से शुरू हुआ। नाश्ते के बाद स्वयंसेवकों ने एनएसएस पार्क में श्रमदान किया। छात्र पूरे मन से पार्क को सुंदर बनाने में जुटे रहे। प्रथम सत्र में राजकीय महाविद्यालय उगालन के प्राचार्य डॉ. सोहन सिंह मुख्य वक्ता रहे।

### भगवान वेंकटेश की शोभा यात्रा निकाली

**हिसार।** दक्षिण भारतीय शैली की नक्काशी से सुसज्जित श्री तिरुपति बालाजी धाम में ज्येष्ठा नक्षत्र के अवसर पर भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। श्री तिरुपति धाम में सायंकाल अर्चकों ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश के विग्रह को पूरी श्रद्धा के साथ रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया और फिर पूजा-अर्चना के साथ धूमधाम से सवारी व शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सवारी को रस्सों से खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की।

### मंडी आदमपुर को खेलों में तीसरा स्थान

**मंडी आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी झज्जर में आयोजित हरियाणा अन्तर बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सत्र 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ बहुतकनीकी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने इस गौरव पूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

### कन्या गुरुकुल का रजत जयंती समारोह आज से

**हिसार।** वैदिक परम्परा, आधुनिक शिक्षा एवं सृजनात्मक समाज की संरचना के पवित्र उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही कन्या गुरुकुल घिराय का 25 वां वार्षिक महोत्सव रजत जयंती के रूप में 23 मार्च से मनाया जाएगा। गुरुकुल की प्राचार्या सुनीता आर्या ने बताया कि यह कार्यक्रम 29 मार्च तक चलेगा जिसमें अनेक सन्त, महात्मा, विद्वान, भजनोपदेशक, राजनेता एवं दानवीर उपस्थित होंगे।

### दिल्ली के छात्रों ने जाना राखीगढ़ी का इतिहास

**नारनौंद।** हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा आयोजित राखीगढ़ी टूर में दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को हरियाणा की समृद्ध पुरातात्विक धरोहर से परिचित कराना था। टूर के दौरान छात्रों ने राखीगढ़ी के प्राचीन स्थलों का निरीक्षण किया। खुदाई स्थलों को नजदीक से देखा। हेरिटेज वॉक में हिस्सा लिया। पॉटरी वर्कशॉप में पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों के निर्माण की कला सीखी। हरियाणवी पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। पुरातत्वविद् डॉ. अप्पू सहारण ने राखीगढ़ी की ऐतिहासिक विरासत और इसके पुरातात्विक महत्व पर जानकारी दी। छात्रों को प्राचीन मूर्तिकला निर्माण विधियों से अवगत कराया गया।

# पीएम मोदी अगले महीने करेंगे हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का उद्घाटनः रणबीर गंगवा

## मंत्री ने मुख्यमंत्री नायब सिंह के बजट को हर वर्ग का हितैषी बताया

### सांसद जेपी व अन्य कांग्रेसियों की इस बारे में भ्रामक बयानबाजी दुर्भाग्यपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट हिसार का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। हालांकि अभी उनका कार्यक्रम का दिन तय नहीं हुआ है लेकिन इतना अवश्य है कि अगले माह अप्रैल में एयरपोर्ट का उद्घाटन हो जाएगा। यह जानकारी हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे का शुरू होना न केवल हिसारवासियों बल्कि हरियाणावासियों के लिए भी फक्र की बात है। इसके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएंगे, उनसे बातचीत हो गई है और समय की घोषणा जल्द कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग इस एयरपोर्ट बारे बेवजह शोर-शराबा करके जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह एयरपोर्ट प्रदेश के लिए विकास की बहुत बड़ी परियोजना है और ऐसे में कांग्रेस के लोगों को इसका विरोध करने के स्थान पर सकारात्मक सहयोग देना चाहिए।

#### प्रेवार्ता में कही यह बात

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश द्वारा हिसार एयरपोर्ट बारे बार-बार की जा रही बयानबाजी को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि जयप्रकाश बताए कि वे हिसार में एयरपोर्ट चाहते हैं या नहीं। कितनी गलत बात है कि हिसार का सांसद होते हुए हिसार में एयरपोर्ट बारे गुमराह करने वाली बयानबाजी कर रहे हैं, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्तापक्ष के साथ-साथ स्वच्छ विपक्ष होना जरूरी है लेकिन ये हरियाणा का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी स्वच्छ विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रही है। सरकार के काम की आलोचना में कांग्रेस इतना डूब गई कि वह एयरपोर्ट व अन्य विकास कार्यों का ही विरोध करने लगी।




हिसार। जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री रणबीर गंगवा।

#### इस दौरान ये रहे मौजूद

मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट को नायाब व हर वर्ग का हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि बजट से पूर्व लिए गए सुझावों की वजह से ही यह सबका हितैषी बजट बन पाया है। मंत्री के अनुसार सरकार ने पिछले वर्ष के बजट की तुलना में इस बार 13.7 प्रतिशत अधिक का बजट पेश किया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जिला महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सह कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, सह मीडिया प्रभारी विक्रम कासनिया व राजकुमार शर्मा, सोशल मीडिया से एमएस पानू आदि रहे।

### आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई की ओर से 24 मार्च को विश्वविद्यालय में एक दिवसीय बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। यूथ रेडक्रॉस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन सेंट जॉन एंबुलेंस हरियाणा राज्य पंचकूला के निर्देशानुसार रेडक्रॉस हिसार के माध्यम से करवाया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस हिसार शाखा द्वारा प्राथमिक सहायता व्याख्याता सुरेंद्र श्योराण व कुलदीप सिंह को प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किया गया है।

## जिले में भैंस, गाय की संख्या बढ़ी, खरगोश घटे

# पांच साल में हिसार में 1 लाख 8 हजार 406 पशुओं की बढ़ोत्तरी

### जिले में टैबलेट के माध्यम से पशु गणना का कार्य पूरा, हर पांच साल बाद होती है पशु गणना

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिले में 21वीं पशु गणना का कार्य पूरा हो चुका है। वर्ष 2019 के मुकाबले 2024 की पशु गणना की तुलना में जिले में 1 लाख 8 हजार 406 पशु बढ़ गए हैं। पशुपालन विभाग के आंकड़े बताते है कि जिले में 2019 में 5 लाख 91 हजार 415 पशु थे। वर्ष 2024 की पशु गणना के अनुसार अब यह संख्या 6 लाख 99 हजार 821 पर पहुंच गई। है। जिले में भैंस की तुलना में गाय की संख्या में सबसे अधिक 22 फीसद की वृद्धि हुई है। भैंस की संख्या में 9 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। पशु गणना में खरगोश की संख्या में जरूर कमी देखी गई है। वर्ष 2019 की पशु गणना में जिले में 33 खरगोश थे, लेकिन वर्तमान में यह घटकर 23 पर आ गए हैं। यहां बता दें कि पशुओं की गणना का कार्य वर्ष 1919 में शुरू हुआ था। पशुपालन विभाग की ओर से हर पांच साल में एक बार पशु गणना की जाती है। जिसके आधार पर विभाग अपनी योजनाएं तैयार करता है।



हिसार। पशु गणना के दौरान उपस्थित पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुभाष जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि

| पशु गणना | वर्ष 2019 | वर्ष 2024 |
|---|---|---|
| भैंस | 383389 | 419115 |
| गाय | 152010 | 185419 |
| भेड़ | 31364 | 49367 |
| बकरी | 17549 | 33383 |
| सुअर | 4070 | 7711 |
| कुत्ते | 2542 | 3705 |
| घोडे | 278 | 544 |
| खच्चर | 106 | 193 |
| गधे | 42 | 143 |
| ऊंट | 00 | 208 |
| खरगोश | 33 | 23 |
| पोनी घोडे | 00 | 10 |

#### पोल्ट्री में तीन गुना वृद्धि

पशु पालन के क्षेत्र में सबसे ज्यादा वृद्धि पोल्ट्री में हुई हे। पांच साल पहले जिले में कुल 25,93,0556 मुर्गा-मुर्गी थे। वर्तमान में इनकी संख्या 80,57,498 दर्ज की गई है। यह संख्या करीब तीन गुणा से भी अधिक है।

#### अक्टूबर 2024 में शुरू हुई थी पशु गणना

पशु गणना के लिए जिले को 408 वार्ड में बांटा गया था। सर्वे का कार्य अक्टूबर 2024 में शुरू किया गया था और इसे 31 मार्च तक पूरा किया जाना था। सर्वे टीम ने तेजी से जिले में सभी तरह की नस्ल के पशुओं का डाटा एकत्रित जुटाया और निर्धारित लक्ष्य से पहले ही पशु गणना का कार्य टेबलेट के जरिए इलेक्ट्रानिकली माध्यम से कंपलीट कर दिया। इसमें कुल 4 लाख 19 हजार 678 भवनों में जाकर पशु पालन विभाग की टीम ने सर्वे किया। पशु गणना के लिए विभाग की तरफ से 125 से ज्यादा वीएलडीए की ड्यूटी लगाई थी और साथ ही सुपरविजन के लिए टीमें की डयूटियां भी तय की गई थी। पशु गणना में भैंस, गाय, भेड़, बकरी, गधा, घोड़ा, ऊंट, खच्चर से लेकर पालतू कुत्ते, स्ट्रीट डॉग भी शामिल है। टीम ने पोल्ट्री की भी गणना की। गोशाला की गाय, घर की पालतू गाय, सड़क पर घूमने वाली बेसहारा गाय की गणना अलग-अलग कॉलम में की गई। पशु गणना की विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही मुख्यालय को भेजी जाएगी।

#### पशु गणना का कार्य पूरा

*जिले में पशुओं की गणना का कार्य पूरा कर लिया गया है। करीब पांच महीने में पशु गणना का यह कार्य एप के माध्यम से किया गया। जिले में पशुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। गाय, भैस के अलावा पोल्ट्री, भेड़-बकरी व सुअर पालन के प्रति भी पशुपालकों का रूझान बढ़ा है। पशु गणना का उद्देश्य है कि पशुधन के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। पशुओं की नस्ल व संख्या के आधार पर नई नीतियां बनेंगी। इससे कृषि के साथ-साथ पशुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा।*

*-डॉ.सुभाष चन्द्र जांगड़ा, उपनिदेशक पशुपालन विभाग।*

# एडीजीपी ने परीक्षा केंद्र चेक किया

- हिसार मंडल में सिपाही से मुख्य सिपाही की पदोन्नति के लिए होने वाली परीक्षा बी-1 के मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हिसार मंडल में सिपाही से मुख्य सिपाही की पदोन्नति के लिए होने वाली परीक्षा बी-1 के मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कंप्यूटर लैब में आयोजित इस परीक्षा का एडीजीपी हिसार मंडल डॉ1 एम. रवि किरण ने निरीक्षण किया और पुलिस कर्मचारियों को हौंसल बढ़ाया। पुलिस कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए बी-1 परीक्षा का यह अभ्यास चरण है। हिसार रेंज में इस परीक्षा के लिए 588 पुलिस कर्मचारी इस परीक्षा के लिए पात्र हैं जिनमें से 582 पुलिस कर्मचारियों ने इस अभ्यास परीक्षा में भाग लिया। इनमें से जिला हिसार से 148, पुलिस जिला हांसी से 139, जिला जींद से 104, फतेहाबाद से 105, पुलिस जिला डबवाली से 21 व सिरसा से 65 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया।



हिसार। परीक्षा का निरीक्षण करते एडीजीपी हिसार मंडल डॉ. एम. रवि किरण।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता, केस दर्ज

**बरवाला।** शहर के वार्ड 8 से संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला लापता हो गई। अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है, जिस पर उसके पति ने पुलिस को शिकायत दी है। बरवाला नगरपालिका के वार्ड नंबर 8 के रहने वाले अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहता है। वह गत दिवस मजदूरी के लिए पंजाब चला गया था। जब वह वापस लौटा तो उसकी 23 वर्षीय पत्नी घर पर नहीं मिली। उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो फिर पता चला कि उनकी पत्नी वार्ड नंबर एक के रहने वाले अमन के साथ कहीं पर चली गई है। पीड़ित ने बताया कि अब अमन का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है।

# केसी अग्रवाल बने बिजली निगम के निदेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हरियाणा के राज्यपाल द्वारा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसोसिएशन के अनुच्छेद में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मुख्य अभियंता कैलाश चंद अग्रवाल को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक मंडल में निदेशक/संचालन के रूप में नियुक्त किया गया है। हरियाणा सरकार ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। उनकी नियुक्ति एक वर्ष की अवधि या सेवानिवृत्ति की तिथि तक, जो भी बाद में हो, के लिए होगी। केसी अग्रवाल ने निदेशक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत थे। डीएचबीवीएन में अपने 35 वर्षीय सेवा काल के दौरान विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए भिन्न-भिन्न जिलों में कार्यरत रहे।

# ननद के घर आई महिला उसके के देवर संग फरार

- फरार महिला की 8 साल पहले हुई थी शादी

**हांसी।** उपमंडल के गांव सुल्तानपुर में एक चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां अपनी ननद के घर आई 25 वर्षीय महिला उसके 22 वर्षीय देवर के साथ फरार हो गई। ननद के देवर संग फरार हुई महिला का अपने पति के साथ कई सालों से विवाद चल रहा है। घर से महिला के साथ भागा युवक घर में रखी 30 हजार रुपए की नकदी साथ ले गया तथा उसके साथ ही उसने बैंक से भी 50 हजार रुपए निकाल लिए हैं। पुलिस ने महिला के बहनोई की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों में से किसी का भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# पांच दिन से लापता व्यक्ति का नहर से बरामद हुआ शव

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, अस्पताल में किया हंगामा
- पुलिस पर इस मामले में सही कार्रवाई न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिले की बालसमंद नहर से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। उसकी पहचान नेताजी कॉलोनी निवासी लगभग 44 वर्षीय गुलशन उर्फ राजू के रूप में हुई है। वह पांच दिनों से घर से गायब था और शहर की 12 क्वार्टर चौकी में उसकी गुमशुदगी का केस दर्ज है। परिजनों ने इसे हत्या मामला बताते हुए पड़ोसी पर आरोप लगाए हैं वहीं पुलिस पर भी उचित कार्रवाई न करने की बात कही है। नागरिक अस्पताल में आए परिजनों ने बताया कि पड़ोस का ही धर्मेंद्र गुलशन को अपने साथ ले गया था लेकिन पुलिस ने धर्मेंद्र से भी गंभीरता से पूछताछ नहीं की। इसको लेकर शनिवार को परिजनों ने नागरिक अस्पताल में हंगामा किया।



हिसार। नागरिक अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

#### पड़ोसी के साथ गया था नहाने

परिजनों के अनुसार गुलशन उस दिन पड़ोसी धर्मेंद्र के साथ नहाने के लिए रायपुर नहर गया था। दो दिन तलाश करने पर गुलशन के कपड़े नहीं मिले लेकिन बीते दिन गुलशन के फटे हुए कपड़े मिले हैं। गुलशन को तैरना आता था, इसलिए उसकी डूबने से मौत नहीं हो सकती। परिवार वालों ने बताया कि गुलशन की बॉडी पर चोट के निशान है वहीं डेड बॉडी गली हुई हालत में नहीं मिली है।

#### उत्तर प्रदेश का रहने वाला है मृतक


मृतक के भाई नरेश कुमार ने बताया कि मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। अब नेताजी कॉलोनी में रह रहे हैं। उसका भाई गुलशन करीब तीन वर्षों से हिसार में रहकर ऑटो मार्केट में काम करता था। गत 18 मार्च को नेताजी कॉलोनी के रहने वाले धर्मेंद्र के साथ दोपहर के समय घर से निकला था, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी है। मृतक के भाई ने बताया कि देर शाम तक धर्मेंद्र घर नहीं आया इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

## पुलिस ने जांच करके एक साल बाद दर्ज किया केस

# बीआईएस सर्टिफिकेट के नाम पर 30 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ऑटो मार्केट के कारोबारी से भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर 30 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी करने वाले की पहचान हो गई है और वह उत्तर प्रदेश के वाराणसी का रहने वाला विनय पाठक है। विनय ने फर्जी बीआईएस विभाग का अधिकारी बनकर यह ठगी की। पुलिस को दी शिकायत में कारोबारी रमेश ने बताया कि वह हिसार के अर्बन एस्टेट में रहता है और लखीराम लबसेंटर फर्म में पार्टनर है। हमारी फर्म पूरे भारत में डीईएफ (डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड) बनाती है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों के अनुसार अब डीईएफ उत्पादों के लिए बीआईएस सर्टिफिकेट लेना जरूरी हो गया है। इसलिए हमने अपने सभी प्लांट के लिए यह प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी प्रक्रिया के अनुसार हमने 3 अप्रैल 2024 को अपनी वाराणसी शाखा के लिए डीईएफ के बीआईएस सर्टिफिकेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया था। इस आवेदन की प्रक्रिया के दौरान विनय पाठक नाम के व्यक्ति ने ठगी की। बाद में पता चला कि इस नाम का कोई व्यक्ति बीआईएस के लिए काम नहीं करता। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने जांच करते हुए लगभग एक साल बाद ठगी का केस दर्ज किया है।



#### कुरियर पर पिन कोड डलवाने के लिए भेजा लिंक

**हिसार।** ऑटो मार्केट के व्यापारी के साथ ठगी का मामला सामने आया है। ऑटो मार्केट में दुकान चलाने वाले सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड निवासी नरेंद्र सिंह ने ठगी की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में नरेन्द्र ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन शॉपिंग की थी। गत दिनों उसके पास ऑल कार्गो गति कंपनी के माध्यम से एक कुरियर आना था। कुरियर का पता करने के लिए उसने गुगल पर जाकर नंबर सर्च किया और उस नंबर पर कॉल किया। कॉल उठाने वाले ने खुद को कुरियर कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि हम गति कुरियर से बोल रहे हैं। जब उनसे कुरियर के बारे में पूछा तो उसने कहा कि आपने कुरियर पर हिसार का पिन कोड नहीं डाला है। आपको पिन कोड डलवाने के लिए पांच रुपए खर्च करने होंगे। कुरियर कंपनी के कर्मी ने कहा कि मैं आपको लिंक भेज रहा हू और आप इस लिंक को ओपन करके पांच रुपए डाल दो। नरेंद्र सिंह ने बताया कि मैंने बातों में आकर उस लिंक को ओपन करके पांच रुपये उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से डाल दिए। इस तरह से पांच रुपये उसके खाते से कटते ही उसके पास ओटीपी आने लगे और इस तरह से उसके उपरोक्त खाते से 19 हजार 224, 25 हजार, 5 हजार, 25 हजार और 25 हजार रुपये अलग अलग ट्रांजेक्शन में कट गए। इस तरह से लगातार रुपए कटने के कारण उसे एहसास हुआ कि ये कोई कुरियर वाले नहीं है और ये मेरे साथ साइबर धोखाधड़ी हो गई है।

# वर्क वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर 9 व्यक्तियों से 15.97 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पीएलए चौकी पुलिस ने वर्क वीजा पर विदेश भेजने के नाम से की गई 15 लाख 97 हजार की ठगी मामले में एक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पंजाब के बरनाला निवासी गगनदीप उर्फ अमनदीप को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। चौकी प्रभारी एएसआई सुभाष ने बताया कि आरोपी ने 9 व्यक्तियों से वर्क वीजा पर पोलैंड भेजने के नाम पर 15 लाख 97 हजार रुपये की ठगी की। आरोपी यहां के कैमरी रोड पर ऐम कंसलटेंट नामक एजेंसी चलाता था। शिकायतकर्ता ने उक्त एजेंसी का विज्ञापन ऑनलाइन देखकर आरोपी के पास आए। आरोपी ने उन्हें कहा कि वह 7 हजार रुपए का फाइल चार्ज लेकर उन्हें पोलैंड में वर्क वीजा पर भिजवा देगा। इसमें शिकायतकर्ताओं के पास वर्क वीजा की वीडियो भेज पैसे की डिमांड की और साथ ही एयर टिकट देने की बात कह 9 व्यक्तियों से 15 लाख 97 हजार रुपये की ठगी की और शिकायकर्ताओं को नकली वीजा और एयर टिकट दिए। इसके बारे में गौतम बुद्ध नगर निवासी तेजवीर सिंह सहित 9 व्यक्तियों ने उक्त आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाना में शिकायत दी थी। पुलिस उक्त आरोपी से आगामी पूछताछ कर रही है।

# निवेश का 'गुरु मंत्र' जब लोग डर रहे हों तो आप लालची बन जाएं

● निवेश में सफलता के लिए हमेशा लक्ष्य तय कर पैसा लगाएं ● दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का मंत्र- बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है।

**निवेश मंत्रा**
**बिजनेस डेस्क**

दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का एक पॉपुलर कोट है कि बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है, जबकि निवेश बनाए रहने से टाइम और कंपाउंडिंग निवेशक के फेवर में काम करते हैं। उनका कहना है कि जब बाजार में घबराहट होती है तो हम अपनी दौलत नहीं गंवाते हैं, बल्कि जब हम घबराते हैं तो हम अपने पैसों का नुकसान कर लेते हैं। तो क्या मौजूदा बाजार की गिरावट में भी दिग्गज निवेशक का ये मंत्र लंबी अवधि में सफलता का राज बन सकता है। अगर हम बाजार की हिस्ट्री में बड़ी गिरावट और उसके बाद रिकवरी के आंकड़े देखें तो यह बात समझ में आ सकती है।



### निवेश बनाए रखना जरूरी

जानकारों का कहना है कि फंड हाउस की एक स्टडी के अनुसार पिछले 2 दशक में, ऐसे 13 मौके आए, जब एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स ने 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की।

इनमें से 11 मौकों पर, इंडेक्स ने एक साल बाद पॉजिटिव रिटर्न दिया। इनमें से 9 मौकों पर रिटर्न डबल डिजिट में था, जबकि एवरेज रिटर्न 21 फीसदी रहा।

अगर आप 10 फीसदी की गिरावट के बाद भी निवेश के लिए 3 साल तक समय-सीमा बढ़ाते हैं, तो निगेटिव रिटर्न का एक भी उदाहरण नहीं है। रिसर्च के अनुसार 18 अप्रैल 2005 से 18 अप्रैल 2006 के बीच बाजार में 80 फीसदी से ज्यादा बढ़त रही।

15 सितंबर 2008 से 15 सितंबर 2009 तक बाजार में 20 फीसदी तेजी आई। 8 मई 2012 से 8 मई 2013 के बीच बाजार में 21 फीसदी तेजी रही।

17 नवंबर 2016 से 17 नवंबर 2017 के बीच बाजार में 27 फीसदी तेजी रही। 23 मार्च 2018 से 23 मार्च 2019 के बीच 15 फीसदी तेजी रही, जबकि इन सभी साल के पहले तक बाजार में करेक्शन का दौर चला था। तो यह डाटा तो वॉरेन बफेट के प्रसिद्ध कोट को सही साबित करता है।

### एसआईपी बनाए रखने का फायदा

घबराहट की स्थिति में कई बार निवेशक घबराकर जल्दबाजी में फैसले लेने लगते हैं। जैसे पहले से चल रहे एसआईपी को बंद कर देना या टारगेट पूरा हुए बिना निवेश को भुना लेना, लेकिन वास्तव में ये कदम फाइनेंशियल हेल्थ के लिए नुकसानदायक है। एसआईपी के पीछे मूल उद्देश्य रूपी कास्ट एवरेजिंग है। जब आप लोअर मार्केट लेवल पर एसआईपी जारी रखते हैं, तो आप अपने समान मंथली निवेश की राशि से अधिक यूनिट खरीद सकते हैं, क्योंकि नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) कम होती है। यह रणनीति सुनिश्चित करती है कि जब बाजार में रिकवरी आती है, तो इन बढ़ी हुई यूनिट पर आपको ज्यादा लाभ होता है।

### बाजार में उतार-चढ़ाव से कैसे निपटें

हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो का फिर से मूल्यांकन करने का एक सुनहरा अवसर पेश करता है। इस डर का उपयोग प्रोडक्टिवली यह मूल्यांकन करने के लिए करें कि आपका वर्तमान एसेट एलोकेशन आपकी जोखिम लेने की क्षमता के अनुरूप है या नहीं। अक्सर, बुल मार्केट यानी तेजी वाले बाजारों में निवेशक दूसरों को फॉलो करते हुए या हाल ही में टॉप प्रदर्शन करने वाली कैटेगरी को देखकर निवेश करते है, लेकिन हर निवेशक की जोखिम लेने की क्षमता, लिक्विडिटी की जरूरतें और टाइम लिमिट अलग-अलग होती है। बाजार में करेक्शन एक चेतावनी के रूप में काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी का पोर्टफोलियो उसके अपने लक्ष्य, जोखिम लेने की क्षमता और लिक्विडिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही तरीके से तैयार किया है।

●
**बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन घबराएं नहीं**
●
**यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए पोर्टफोलियो का मूल्यांकन करने का अहम समय**

### एसेट एलोकेशन स्ट्रैटेजी

- **लार्ज और मिडकैप फंड/ल्टीकैप फंड/फ्लेक्सीकैप फंड** : उन निवेशकों के लिए जो लंबी अवधि में अपनी दौलत में इजाफा करना चाहते हैं और इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव को झेलने की क्षमता रखते हैं, ये फंड कैटेगरी अच्छे विकल्प होंगे। क्योंकि इनमें मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से पोर्टफोलियो मिक्स होता है, जो मार्केट के किसी खास सेगमेंट में तेज उतार-चढ़ाव के असर को कम करता है।
- **हाइब्रिड इक्विटी स्कीम/बैलेंस्ड एडवांटेज फंड** : ये योजनाएं निश्चित रूप से ऐसे निवेशकों के लिए सावधानी से विचार करने योग्य हैं, जिन्हें हाल ही में 10 फीसदी की गिरावट ने यह अहसास जगा दिया है कि इक्विटी निवेश में अप-डाउन हो सकता है, लेकिन जो अभी भी भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले लॉन्ग टर्म एसेट क्लास के रूप में अपने स्टेटस के लिए इक्विटी होल्डिंग चाहते हैं।
- **मल्टी-एलोकेशन फंड** : जो निवेशक इसमें विश्वास करते हैं कि इक्विटी की एक ही कैटेगरी में निवेश करना समझदारी नहीं है, उनके लिए एक दूसरे से लो को-रिलेशन वाले मल्टी एसेट क्लास का मिक्स एक पसंदीदा विकल्प हो सकता है।
- (**डिस्क्लेमर** : इस आर्टिकल का उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्रदान करना है। यह किसी भी तरह से निवेश की सलाह नहीं है। बाजार में जोखिम होता है, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि निवेश का कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने स्तर पर फाइनेंशियल एडवाइजर से परामर्श जरूर कर लें।)




# एसआईपी से दूर जा रहे निवेशक गिरते बाजार में संभलकर उठाएं कदम

**मोहभंग**
**बिजनेस डेस्क**

बाजार में म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करना एक बढ़िया तरीका माना जाता है। काफी निवेशकों ने इस तरह से बड़ा फंड भी बनाया है। एसआईपी के जरिए हर महीने एक तय रकम निवेश करने पर करोड़पति बनना काफी आसान होता है। लेकिन लगता है कि इस स्कीम को किसी की नजर लग गई है। शेयर बाजार में पिछले कई महीने से भारी गिरावट देखी जा रही है। बाजार में बिकवाली (बिक्री) की आंधी का असर म्यूचुअल फंड निवेशकों पर भी पड़ रहा है। फरवरी में म्यूचुअल फंड में निवेश काफी गिर गया है। इसमें अभी भी गिरावट का दौर लगातार जारी है। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं रखें और बाजार की गिरावट से डरकर न भागें। पहले भी देखा गया है कि लंबी अवधि में एसआईपी ने अच्छा फायदा दिया है। इसलिए एसआईपी में निवेश बनाए रखें।

### कम समय में ज्यादा रिटर्न

बाजार में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं। ऐसे में एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान फायदेमंद माना जाता है। एसआईपी के जरिए आप हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। बाजार ऊपर हो या नीचे, आपका निवेश चलता रहता है। इससे आपको औसतन कम कीमत पर ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं। लंबे समय में इससे अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन पिछले कुछ समय से तस्वीर कुछ बदल रही है।

### फरवरी में कितनी आई गिरावट?

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में 26%गिरकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 39,687 करोड़ रुपये था। डेट म्यूचुअल फंड में 6,525 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड आउटफ्लो (निकासी) देखने को मिला, जबकि जनवरी में इसका टोटल इन्फ्लो (निवेश) 1.28 लाख करोड़ रुपये था।

### लोगों की संख्या में आई कमी

फरवरी में सेंसेक्स और निफ्टी लगातार पांचवें महीने लाल निशान में बंद हुए और यह साल 1996 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट रही। म्यूचुअल फंड में मिलने वाले रिटर्न पर मार्केट की गिरावट का असर पड़ता है। फरवरी में म्यूचुअल फंड एसआईपी के जरिए पैसा लगाने वालों की संख्या कम हुई है। फरवरी में एसआईपी के जरिए 25,999 करोड़ रुपये आए। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। जनवरी के मुकाबले इसमें 2% की गिरावट आई है।

### क्या कहते हैं जानकार?

जानकारों के मुताबिक मार्केट गिरे और निवेश की वैल्यू कम होने लगे तो घबराना नहीं चाहिए। काफी लोग इस गिरावट के कारण म्यूचुअल फंड से निकल जाते हैं और नुकसान कर बैठते हैं। अगर म्यूचुअल फंड की कीमत कम हो रही है तो ज्यादा यूनिट्स खरीदना शुरू कर दें। मार्केट जब बढ़ेगी तो आपका पैसा तेजी से बढ़ेगा। हालांकि पूरी रिसर्च करने और एक्सपर्ट से जानकारी लेने के बाद ही निवेश करें।

●
**एसआईपी के जरिए निवेश करके बड़ा फंड हो सकता है तैयार**
●
**लॉन्ग टर्म में इनमें अच्छा रिटर्न मिलने की पूरी उम्मीद होती है**
●
**थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करके करोड़पति बन सकते हैं**
●
**अभी शेयर मार्केट में गिरावट है। तो निवेशक एसआईपी से भी दूरी बना रहे**
●
**लेकिन लंबे समय के लिए निवेश का यह एक बेहरीन विकल्प**

### लंबे समय के लिए टिकें

म्यूचुअल फंड में लॉन्ग टर्म निवेश की सलाह दी जाती है। यहां लॉन्ग टर्म से मतलब कम से कम 3 साल है। अगर मार्केट में गिरावट के कारण शुरुआती कुछ महीनों में ही नुकसान दिखाई दे रहा है तो इससे घबराएं नहीं। बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशकों को अपनी लंबी अवधि की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी एसआईपी जारी रखनी चाहिए। कोरोना के समय जब शेयर मार्केट में गिरावट आई थी तो काफी लोगों ने एसआईपी को बढ़ा दिया था। आज उनकी रकम काफी बढ़ चुकी है।

### क्या है एसआईपी

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एक ऐसा निवेश का जरिया है, जिसके माध्यम से एक व्यक्ति एक निर्धारित रकम, नियमित अंतराल में म्यूच्यूअल फंड्स के किसी स्कीम में – जैसे मासिक या त्रैमासिक, बजाय एक मुश्त रकम की अदायगी के, निवेश कर सकता है। यह किश्त 100 रुपये प्रति माह की मामूली रकम भी हो सकती है जो बहुत कुछ रेकरिंग डिपाजिट (आवर्ती जमा) से मिलती-जुलती है। ये इसलिए भी आसान है, क्योंकि आप अपने बैंक को ये स्थाई अनुदेश दे सकते हैं कि आपके खाते से ये रकम हर माह डेबिट (निकासी) होता रहे। एसआईपी भारतीय म्यूच्यूअल फंड्स निवेशकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है, इसलिए कि ये निवेशक को बाज़ारों के उथल-पुथल और समय गणना की चिंता से अलग रख एक अनुशाशित तरीके से निवेश में सहायता करता है। लम्बी अवधि के निवेश के लिए म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एसआईपी निवेश की दुनिया में क़दम रखने का यकीनन सबसे बढ़िया रास्ता हैं। निवेश से सर्वाधिक और श्रेष्ठ प्राप्ति के लिए, बेहद ज़रूरी है लम्बी अवधि के लिए निवेश हो, जिसका सीधा अर्थ यह कि आप जल्द से जल्द निवेश आरम्भ करें, ताकि आपके लक्ष्य लाभ अधिकतम हों।

# पोस्ट ऑफिस की स्कीम भी दे रही अच्छा मुनाफा, कर सकते हैं निवेश

*टीडी स्कीम बैंकों की एफडी की तरह देती है आकर्षक ब्याज, इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे, पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई खोल सकता है खाता, निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक ब्याज मिलता है*

**एफडी**
**बिजनेस डेस्क**

भारतीय डाक विभाग की टाइम डिपॉजिट (टीडी) स्कीम निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और लाभदायक विकल्प बनकर उभरी है। यह स्कीम बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की तरह ही काम करती है, लेकिन इसमें ब्याज दरें अधिक आकर्षक हैं। पोस्ट ऑफिस की यह डिपॉजिट स्कीम लोगों को मालामाल कर रही है। इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। इसमें निवेश कर कोई भी आसानी से अपनी बचत को बढ़ा सकता है। टीडी स्कीम में निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक का ब्याज मिलता है, जो इसे बैंकों की एफडी से बेहतर बनाता है. इस स्कीम में निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन काम करता है।

### टीडी स्कीम की खास बातें

पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम में निवेशक 1 साल से लेकर 5 साल तक के लिए अपना पैसा जमा कर सकते हैं। इस स्कीम में न्यूनतम 1,000 से खाता खोला जा सकता है, जबकि अधिकतम जमा राशि की कोई सीमा नहीं है। टीडी खाते पर मिलने वाला ब्याज निवेश की अवधि पर निर्भर करता है।उदाहरण के लिए, 2 साल की टीडी पर 7.0 फीसदी का ब्याज मिलता है।

### लाख जमा पर कितना ब्याज

अगर आप पोस्ट ऑफिस की 2 साल की टीडी स्कीम में 2 लाख जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको कुल 2,29,776 मिलेंगे। इसमें 29,776 का ब्याज शामिल होगा। यह ब्याज गारंटीड और फिक्स है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है।

### कौन खोल सकता है खाता

पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। यह स्कीम छोटे और बड़े निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त है।




### पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम के फायदे

- **सुरक्षित निवेश** : पोस्ट ऑफिस सरकारी संस्था है, इसलिए इसमें निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है।
- **आकर्षक ब्याज दरें**: बैंकों की तुलना में पोस्ट ऑफिस टीडी पर ब्याज दरें अधिक हैं।
- **लचीलापन**: 1 साल से लेकर 5 साल तक की अवधि चुनने की सुविधा।
- **कम निवेश** : सिर्फ 1,000 से खाता खोल सकते हैं।

### ऐसे खोलें टीडी खाता

पोस्ट ऑफिस टीडी खाता खोलने के लिए आपको नजदीकी डाकघर जाना होगा। वहां आपको आवेदन फॉर्म भरना होगा और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। इसमें पहचान प्रमाण, पता प्रमाण और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होती है।

### डाकघर की ये भी बचत योजनाएं

- डाकघर बचत खाता
- 5 वर्षीय डाकघर आवर्ती जमा खाता (आर डी)
- डाकघर सावधि जमा खाता (टी डी)
- डाकघर मासिक आय योजना खाता (एम आई एस)

### वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एस सी एस एस)

- 15 वर्षीय सार्वजनिक भविष्य निधि खाता (पीपीएफ)
- सुकन्या समृद्धि खाता
- राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एन एस सी)
- किसान विकास पत्र (के वी पी)
- महिला सम्मान बचत पत्र
- प्रधानमंत्री बाल केयर योजना, 2021
- ब्याज दर (नई)
- **डिस्क्लेमर** : (यह जानकारी सिर्फ़ सूचना के लिए है। इसे निवेश का सुझाव मानकर निवेश न करें। मार्केट में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन होता है। निवेशक के तौर पर पैसा लगाने से पहले हमेशा एक्सपर्ट से सलाह लें।)

# टैक्स बचाने का अब आखिरी मौका, 31 मार्च से पहले अपनाएं ये ट्रिक्स




**वित्त वर्ष 2024 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया**

**इस बार यह संख्या और बढ़ेगी, 12.75 लाख तक नहीं देना होता टैक्स**

**सुझाव**
**बिजनेस डेस्क**

वित्त वर्ष 2024-25 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नया वित्त वर्ष 2025-26 शुरू होने में सिर्फ 10 दिन रह गए हैं। ऐसे में जो लोग पुरानी टैक्स व्यवस्था को चुन रहे हैं, उनके पास टैक्स बचाने के लिए अब आखिरी मौका है। हालांकि वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 24 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया, और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ सकती है। हालांकि, अभी भी कई करदाता पुरानी टैक्स व्यवस्था के जरिए टैक्स छूट के फायदे लेना पसंद करते हैं। अगर आप भी पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्स छूट पाना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए आखिरी मौका हो सकता है। सही निवेश से आप अपने टैक्स का बोझ कम कर सकते हैं।

### सेक्शन 80सी: टैक्स बचाने के लिए बेस्ट निवेश विकल्प

अगर आप इनकम टैक्स बचाना चाहते हैं, तो सेक्शन 80सी के तहत कई निवेश योजनाओं में पैसा लगाकर 1.5 लाख रुपये तक की कटौती का फायदा उठा सकते हैं। इस सेक्शन के तहत सुकन्या समृद्धि योजना, इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, कर्मचारी भविष्य निधि, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और 5 साल की टैक्स-सेवर फिक्स्ड डिपॉजिट जैसी कई योजनाएं आती हैं। हर योजना की अपनी अलग लॉक-इन अवधि और रिटर्न दर होती है। अगर आप कम से कम लॉक-इन पीरियड में निवेश करना चाहते हैं, तो ईएलएसएस आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसका लॉक-इन केवल 3 साल है, लेकिन इसका रिटर्न बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। वहीं, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनचीएस) में निवेश पर आपको सेवानिवृत्ति (60 वर्ष) तक इंतजार करना होता है। ईपीएफ भी सेवानिवृत्ति तक का निवेश है, लेकिन आंशिक निकासी की सुविधा इसमें दी जाती है। अगर आप गैर-बाजार जोखिम वाले निवेश चाहते हैं, तो सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसए) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) बेहतर विकल्प हो सकते हैं। एसएसए में सालाना 8.2% और एससीएसएस में 8.2% ब्याज मिलता है। वहीं, पीपीएफ में 7.1%, एनएससी में 7.7%, और पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट में 7.5% का सालाना ब्याज मिलता है। टैक्स-सेवर बैंक एफडी का रिटर्न 6.5% से 7.5% तक होता है। यदि आप लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर रहे हैं, तो पीपीएफ, इपीएफ और एनपीएस बढ़िया विकल्प हो सकते हैं। वहीं, जो लोग शॉर्ट-टर्म टैक्स सेविंग और अच्छा रिटर्न चाहते हैं, वे ईएलएसएस और 5 साल की टैक्स-सेवर एफडी का चुनाव कर सकते हैं। 31 मार्च से पहले सही निवेश करके आप न सिर्फ टैक्स बचा सकते हैं, बल्कि अपनी वित्तीय सुरक्षा भी मजबूत कर सकते हैं।

### नया टैक्स बचाने से पहले मौजूदा निवेशों की करें जांच

अगर आप टैक्स बचाने के लिए नया निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले यह देखें कि इसकी जरूरत है या नहीं। कई निवेश योजनाओं में लॉक-इन पीरियड होता है, यानी एक बार पैसा लगाने के बाद आप उसे तय समय से पहले नहीं निकाल सकते। सबसे पहले यह जांचें कि आपने इस साल कितना निवेश किया है। हो सकता है कि आप पहले ही धारा 80सी की सीमा पूरी कर चुके हों। ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि), जिसे आपकी सैलरी से हर महीने काटा जाता है, भी टैक्स बचत में शामिल होता है। इसी तरह, अगर आपके पास होम लोन है, तो उसका मूलधन (प्रिंसिपल) भी धारा 80सी के तहत टैक्स छूट दिला सकता है। इसलिए, नया निवेश करने से पहले अपने मौजूदा निवेशों को जरूर जांचें। हो सकता है कि ईपीएफ और होम लोन के रीपेमेंट से ही आपकी टैक्स बचत की जरूरत पूरी हो रही हो और आपको अलग से निवेश करने की जरूरत न हो।

अगर 2024 में जॉब बदली है तो फॉर्म 12 भरना जरूरी अगर आपने 2024 में नौकरी बदली है, तो फॉर्म 12बी भरना जरूरी है। यह फॉर्म आपके नए एम्प्लॉयर को आपकी पिछली सैलरी और टैक्स कटौती की जानकारी देने में मदद करता है, जिससे आपकी सैलरी से सही टैक्स कटे। अपने टैक्स रिकॉर्ड सही रखने के लिए 31 मार्च तक फॉर्म 12बी समिट करें। इससे आपका नया एम्प्लॉयर टैक्स कैलकुलेशन में गलती नहीं करेगा और सही टीडीएस कटेगा।




### सीनियर सिटीजन्स के मेडिकल खर्च पर टैक्स डिडक्शन

भारत में आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत करदाता अपने और अपने परिवार के लिए चुकाए गए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं। इससे उनकी टैक्स योग्य आय कम होती है और उन्हें कम टैक्स देना पड़ता है। लेकिन अगर आपने सीनियर सिटीजन्स (वरिष्ठ नागरिकों) के लिए कोई हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम नहीं भरा है, तब भी आप उनके मेडिकल खर्च पर टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। इस धारा के तहत, 60 साल या उससे अधिक उम्र के माता-पिता या वरिष्ठ नागरिकों के इलाज पर किए गए खर्च के लिए 50,000 रुपये तक का टैक्स डिडक्शन लिया जा सकता है। यह सुविधा उन करदाताओं के लिए फायदेमंद है, जिनके माता-पिता या अन्य वरिष्ठ परिजन बीमा कवर के बिना इलाज करवा रहे हैं। इसलिए, अगर आपके परिवार में कोई सीनियर सिटिजन बिना स्वास्थ्य बीमा के है, तो उनके मेडिकल खर्च का बिल संभालकर रखें और टैक्स बचत का लाभ उठाएं।

### कैलकुलेशन से समझें

टैक्स बचाने के लिए ईएलएसएस फायदेमंद, लेकिन निवेश पर जोखिम भी अगर आप ईएलएसएस में निवेश करते हैं, तो इससे टैक्स बचाया जा सकता है। हालांकि, इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपका पैसा 3 साल तक लॉक रहेगा। इसके अलावा, ईएलएसएस एक जोखिम भरा निवेश भी है क्योंकि यह शेयर बाजार से जुड़ा होता है। शेयर बाजार की स्थिति अक्सर बदलती रहती है, जिससे इस स्कीम में रिटर्न का कोई निश्चित भरोसा नहीं होता। इसलिए, निवेश करने से पहले अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहने की क्षमता को जरूर समझें।

## खबर संक्षेप

### परिवार मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आज

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ की हिसार शाखा द्वारा परिवार मिलन समारोह एवं सेवा शपथ ग्रहण कार्यक्रम 23 मार्च को डाबड़ा चौक के निकट स्थित पार्क सेंचुरी होटल में किया जाएगा। संस्था के प्रधान सुमित मित्तल, संरक्षक सुशील गोयल, सचिव संजीव राजपाल और कोषाध्यक्ष विनोद वर्मा के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रधान सुमित मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा गत वर्ष 2024-2025 में किए गए सभी सेवा कार्यों का उल्लेख कार्यक्रम में किया जाएगा।

### मंत्री गंगवा ने किया शिविर का शुभारंभ

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य विभाग के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शनिवार को गांव तलवंडी रुक्का में स्व. रघुबीर सिंह भाटी की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैंप और रक्तदान शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम में स्व. रघुबीर सिंह भाटी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सामान्य स्वास्थ्य जांच आदि की जांच की।

### छाजूराम महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव 29 को

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष एवं सभी इच्छुक पूर्व छात्रों की विभिन्न स्कूलों में नियुक्ति के लिए प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 29 मार्च को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस ड्राइव में शिक्षक चयन के लिए हिसार एवं आसपास के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूल आमंत्रित है। महाविद्यालय के पूर्व छात्र अपने सभी प्रपत्रों सहित इस ड्राइव में भाग ले सकते हैं। प्राचार्या डॉक्टर उर्मिला मलिक ने बताया कि अपने विषय में उत्कृष्ट कार्य अनुभव रखने वाले पूर्व छात्रों के लिए नियुक्ति के लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

### प्रतिनिधिमंडल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन से मिला

**बरवाला।** प्राइवेट स्कूल संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन डॉ पवन कुमार शर्मा का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्राइवेट स्कूलों की कुछ मांगों पर चेयरमैन के साथ विचार-विमर्श किया गया। नवनियुक्त चेयरमैन शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान कराएंगे। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू, पैटर्न तेलूराम रामायणवाला, प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया व पूर्व महासचिव राजकुमार पाली आदि मौजूद रहे।

### श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आज

**हिसार।** श्री बालाजी भक्त मंडल एवं श्री श्याम सुंदर अपना परिवार द्वारा 23 मार्च को श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में होगा। महोत्सव आयोजन समिति के संस्थापक सुरेश चन्द्र जैन ने बताया कि महोत्सव को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडल के संरक्षक कुलप्रकाश बन्टी गोयल ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव श्याम बाबा का विशेष उत्सव है, इसमें देशभर से हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे और भजन संध्या का आनंद लेंगे।

### बंद पड़े मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** गांव भड़ोल्यांवाली में एक बंद मकान से चोर 11 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक रवि कुमार ने बताया कि बीती 21 मार्च की सुबह वह परिवार सहित काम करने के लिए बाहर गया हुआ था। घर के कमरों व मुख्य गेट को वह ताले लगाकर गया था। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर घर में घुसकर कमरे के ताले तोडक़र अलमारी से 11 हजार रुपए की नगदी, सोने का हार, चांदी की पायल, सोने की कानों की बाली चोरी कर ले गए। शाम को जब वे घर वापस आए तो उसने इस घटना का पता चला।

## आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर धरना 28 को

# व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने दिया अल्टीमेटम

### व्यापारी नरेश कुमार को जान से मारने के विरोध में बैठक में लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** व्यापारी प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

व्यापारी प्रतिनिधियों की आवश्यक मीटिंग प्रमुख व्यापारी नरेश कुमार को अपराधियों द्वारा जान से मारने के विरोध में व आर्म्स एक्ट लगाने बावत हुई।

मीटिंग में फैसला लिया गया कि अपराधियों द्वारा जानलेवा हमला करने के बाद दहशत फैलाने के लिए मोबाइल पर वीडियो बनाकर डाल दी गई अगर आरोपियों को 27 मार्च तक पकड़ा नहीं गया तो 28 मार्च को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक नागोरी गेट पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और उसके बाद हिसार बन्द की काल की जाएगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिन-दहाड़े व्यापारी नरेश कुमार से मारपीट करने की जितनी भी निंदा की जाए थोड़ी है।

**गिरफ्तारी की मांग**

पुलिस प्रशासन को व्यापारी नरेश कुमार से मारपीट करने वाले अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। बड़े अफसोस से कहना पड़ता है व्यापारी नरेश कुमार पर जानलेवा हमला 12 मार्च को अपराधियों द्वारा करने वाले अपराधी अभी तक पुलिस ने गिरफ्तार नही किए है।

# बेबी व टैलेंट शो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**हांसी।** बेबी व टैलेंट शो के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या व अन्य

### एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए एक बेबी एवं टैलेंट शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम वर्षा व निशा अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। कार्यक्रम में डॉक्टर श्वेता गर्ग व डॉक्टर दीपिका ने जज की भूमिका अदा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

**रैंप वाक में सिद्धार्थ प्रथम**

बेबी व टैलेंट शो के प्रतिभागियों में रैंप वाक में सिद्धार्थ प्रथम, राध्या द्वितीय व जियाना तृतीय स्थान पर रही वहीं स्टाइलिश बेबी युवांश, क्यूट स्माइल हेतविक, अट्रैक्टिव ड्रेस में हितेषी, एक्टिव बेबी में खाविश, हेल्थी बेबी में पीहू, फोटोजेनिक में राध्या, स्टाइलिश हेयर में दुर्विका, बेस्ट ड्रामेबाज में नेहल, आरना व बेस्ट डांस में मेहर, मायरा, दिव्या, वृधु को पुरुस्कृत किया गया तथा अन्य प्रतियोगियों को उपहार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाल मनुहारों में छुपी 360 डिग्री प्रतिभाओं को सबके समक्ष लाना एवं उनके उत्साह और ऊर्जा को परिपूर्णता प्रदान करना होता है।

# ऐतिहासिक दस्तावेजों से रूबरू हुए छात्र

- क्षेत्रीय अभिलेखागार की ऐतिहासिक प्रदर्शनी का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** दस्तावेजों एवं छायाचित्रों की ऐतिहासिक प्रदर्शनी के समापन अवसर पर उपस्थित सहायक निदेशक अनिल कुमार एवं विद्यार्थी ।

राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित दस्तावेजों एवं छायाचित्रों की दो दिवसीय ऐतिहासिक प्रदर्शनी का शनिवार को समापन हुआ। प्रदर्शनी का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार विभाग, हिसार मंडल द्वारा किया गया था।

सहायक निदेशक अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक दस्तावेजों और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी दुर्लभ छायाचित्रों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को इतिहास की समृद्ध धरोहर से अवगत कराना और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान से प्रेरित करना है। प्रदर्शनी में राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक दस्तावेजों और छायाचित्रों को देखकर स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक आंदोलनों के संघर्षों को करीब से जाना। प्रदर्शनी में स्वतंत्रता सेनानियों के पत्र, प्रशासनिक अभिलेख, ऐतिहासिक नक्शे और दुर्लभ छायाचित्र प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखकर विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान में वृद्धि की।

# हांसी को जिला बनाने की तैयारियां पूर्ण : भयाना

- सीएम इस वर्ष कभी भी कर सकते हैं घोषणा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


**हांसी।** पत्रकारों से बातचीत करते विधायक विनोद भयाना उनके साथ हैं भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी।

हांसी को संपूर्ण जिला बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इसी वर्ष में कभी भी घोषणा कर हांसी की जनता को यह तोहफा दे सकते हैं।

यह बातें विधायक विनोद भ्याना ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वाहनों की पार्किंग के लिए शहर में मल्टी पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जल्द ही लोगों से राय लेकर जगह निर्धारित करने का काम किया जाएगा। इस व्यवस्था के बनने से शहर में वाहनों की पार्किंग के लिए एक सुलभ और सुरक्षित स्थान उपलब्ध हो जाएगा। विधायक ने कहा कि इस बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्त मंत्री के तौर पर 2 लाख करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तुत किया है, जो हरियाणा प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। इसमें हर वर्ग तथा क्षेत्र के लोगों का ध्यान रखा गया है ताकि प्रदेश और तेजी से विकास के विकास के पथ पर अग्रसर हो सके। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि अब तक का यह सबसे बड़ा बजट है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, भाजपा कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश ठकराल,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, जगदीश भाटिया, भाजपा अटल मंडल अध्यक्ष श्याम खांडा, सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत जग्गा बाड़ा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत


**हिसार।** क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

- कैबिनेट मंत्री बेदी ने माता बनभौरी देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने शनिवार को जिले के गांव बनभौरी स्थित माता बनभौरी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि माता बनभौरी देवी मंदिर श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मां भ्रामरी देवी क्रिकेट महाकुंभ 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेलकूद से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

### वकील के साथ 1.33 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में दो और काबू

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने सीनियर एडवोकेट राजकुमार वत्स के साथ 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में 19 वें व 20 वें आरोपी मिर्जापुर निवासी अनिल व गुरदीप को गिरफ्तार किया है।

- अभी तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने वरिष्ठ वकील राजकुमार वत्स के साथ की गई 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी मामले में आरोपियों ने कमीशन लेकर अपने बैंक खाते में रुपये जमा कराए थे। साइबर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी। थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने इस अभियोग में 18 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# यदुवंशी के छात्रों ने दिया जल संरक्षण का संदेश



**हांसी।** नाटक में जल बचाने का संदेश देते स्कूली बच्चे ।

- अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर विविध गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के उपलक्ष्य में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बैडमिंटन और खो-खो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, छात्रों ने वॉलीबॉल और क्रिकेट में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों को जल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें पानी की एक बूंद भी व्यर्थ नहीं करनी चाहिए और सभी लोगों को भी पानी की उपयोगिता समझाते हुए उसे बचाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने जल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज डायरी

### युवा क्लब ने विश्व जल दिवस मनाया



**हिसार(** किरतान में विश्व जल दिवस पर जल संचय की शपथ लेते ग्रामीण।

**हिसार।** नेहरू युवा केन्द्र एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान की ओर से संयुक्त रूप से विश्व जल दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मानवी कुश्ती एवं जुड़ो अकेडमी में आयोजित किया गया। आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि जल नहीं तो कल नहीं। उन्होंने कहा कि जल का जीवन में बहुत महत्व है उसके महत्व को जानना बहुत जरूरी है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है। आज जिस तरह से अंधाधुंध जल का दोहन हो रहा है उससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस मौके पर जल बचाव रैली निकाली गई। इस मौके पर कोच गुरदीप पहलवान, हवा सिंह, ज्योति पहलवान, प्रोमील आर्य, कुनाल, दिपिका, भावना, अनीता आर्य आदि मौजूद थे।

### 1008 कुंडिय महायज्ञ के लिए श्रद्धालु रवाना

**सिरसा।** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से कुरुक्षेत्र में आयोजित 1008 कुंडिय जनकल्याण शिवशक्ति महायज्ञ के लिए बस अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम से शनिवार सुबह पांच बजे रवाना हुई। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज के पावन सानिध्य में कुरुक्षेत्र में ब्रह्मा सरोवर पर 1008 कुंडिय जनकल्याण शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह 1008 कुंडिय महायज्ञ 18 मार्च से आरंभ हुआ था जिसकी पूर्णाहूति 27 मार्च को होगी। उन्होंने बताया कि बगीची परिसर से 18 मार्च से प्रतिदिन सुबह पांच बजे एक बस कुरुक्षेत्र के लिए निशुल्क भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ में देशभर से अनेक संत, महंत, ऋषि महात्मा भाग ले रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मप्रमियों से आह्वान किया कि जो भी इस महायज्ञ में जाना चाहता है, वो श्याम बगीची मंदिर में पुजारी राकेश शास्त्री को अपना नाम लिखवा दे।

### लाइब्रेरी के लिए वर्कशॉप का आयोजन

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस स्कूल में सीबीएसई सहोदय स्कूल कॉम्पलैक्स द्वारा लाइब्रेरियन के लिए पहली बार एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शहर के विभिन्न स्कूलों के लाइब्रेरियन ने भाग लिया। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के तौर पर



डॉ. सीमा बत्रा ने भाग लिया और लाइब्रेरियन के साथ विभिन्न तरह की जानकारियों को सांझा किया। स्कूल प्राचार्य अरूण शर्मा ने मुख्य वक्ता और स्कूलों से पहुंचे लाइब्रेरियन का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य लाइब्रेरियन को नवीनतम पुस्तकालय प्रबंधन तकनीकों और सेवाओं से अवगत कराना था। इस कार्यशाला में पुस्तकालयाध्यक्षों ने पुस्तकालय प्रबंधन, पुस्तक संग्रह, पाठक सेवाएं और पुस्तकालय स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

## महाशक्ति ट्रस्ट का रक्तदान शिविर आज

**फतेहाबाद।** शहीदे-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 23 मार्च को फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में काफी संख्या में युवा जहां रक्तदान कर शहीदों को अपनी श्रद्धांजली अर्पित किए वहीं नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प लेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव भवानी सिंह ने बताया कि एमएम कॉलेज में प्रातः 10 बजे आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राजनैतिक सचिव तरूण भंडारी और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भाग लेंगे।

## गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए टेंडर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा नई पॉलिसी में मण्डियों से गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए नई शर्तें लागू करने के चलते गेहूं उठान को लेकर कोई एजेंसी आगे नहीं आ रही। शनिवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने लोडिंग-अनलोडिंग के चौथी बार टेंडर खोले तो जिले 7 मण्डियों व 45 खरीद केन्द्रों में से लेबर के 7 व ट्रांसपोर्ट के मात्र 4 ठेकेदारों ने ही निविदाएं भरी हैं। जिन ठेकेदारों ने निविदाएं भरी हैं, वह भी खरीद केन्द्रों के है। यानि कि बड़ी मण्डियों में अभी भी कोई ठेकेदार लेबर व ट्रांसपोर्ट के लिए आगे नहीं आया। यह बात भी अलग है कि आई निविदाओं में से कितने ठेकेदार सरकार की शर्तों पर खरे उतरते हैं और कितने नहीं।

## नौजवान सभा का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन आयोजित

# प्रदेश में बेरोजगारी की दर 37 फीसदी से भी अधिक

- प्रदेश में मजबूत युवा आंदोलन खड़ा करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार ।** जनवादी नौजवान सभा के राज्य सम्मेलन में आयोजित खुले अधिवेशन को संबोधित करते वक्ता ।

भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) का दो दिवसीय त्रिवार्षिक 16वां राज्य सम्मेलन शनिवार को जाट धर्मशाला में खुले अधिवेशन के साथ शुरु हुआ।

खुले अधिवेशन की शुरुआत राज्य अध्यक्ष शाहनवाज और स्वागत समिति के चेयरमैन योगेश शर्मा ने की। आए हुए प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों का स्वागत योगेश शर्मा ने किया। खुले अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए राज्य सभा के सांसद और संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष ए. ए. रहीम रहीम ने बताया कि किस प्रकार भारत में बेरोजगारी का संकट भयंकर रूप धारण किए हुए है। आज भारत में बेरोजगारी की दर सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार 8 प्रतिशत बनी हुई है।

हरियाणा में तो यह दर 37 प्रतिशत से भी अधिक है। ऐसे में युवाओं का लामबंद होकर संघर्ष चलाना बेहद आवश्यक है। उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए खुले अधिवेशन के मुख्य वक्ता सीटू के राज्य महासचिव जयभगवान ने कहा शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु जिन सपनों के लिये फांसी के फंदे पर झूल गए थे वो आज भी अधूरे हैं।

इस मौके पर नौजवान सभा के राष्ट्रीय महासचिव हिमाग्नराज भट्टाचार्य और राज्य सचिव नरेश दनौदा ने भी सम्बोधित किया। अधिवेशन का समापन करते हुए नौजवान सभा के राज्य सचिव शाहनवाज ने प्रदेश में एक मजबूत युवा आंदोलन खड़ा करने की अपील करते हुए आये हुए प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।

### मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने सतीश कालोनी स्थित एक मकान में घुसकर वहां से लाखों के गहनें और नकदी चोरी कर ली। घटना के समय परिवार के लोग वृन्दावन गए हुए थे। जब वह वापस लौटे तो उन्हें चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई।

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत बालक सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उपायुक्त महोदय हिसार के आदेश क्रमांक 5675 दिनांक 25 - 11- 2024 के आदेश अनुसार ग्राम पंचायत बालक में एक पीपल के पेड़ की खुली नीलामी दिनांक26-03- 25 को मौके पर करवाई जाएगी सिक्योरिटी राशि दस हजार रुपए होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

-नरेश कुमार, ग्राम सचिव 98135 73000

-सुदेश रानी सरपंच, ग्राम पंचायत बालक, खंड बरवाला (हिसार) 99915 00045

## खबर संक्षेप



### राजकीय महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**बरवाला।** कल्पना चावला साइंस सोसायटी, भौतिकी विभाग, राजकीय महाविद्यालय, बरवाला द्वारा भौतिकी में सफलताः अनुसंधान के उज्जवल भविष्य के लिए संवेग पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में डॉ. रमेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिकी विभाग, गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. रमेश कुमार ने भौतिकी के आधुनिक अनुप्रयोगों, अनुसंधान के नवीनतम आयामों एवं उच्च शिक्षा के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान पोस्टर निर्माण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ दलबीर सिंह एवं मुख्य वक्ता डॉ. रमेश कुमार द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संयोजक डॉ. नीलम, सहायक प्रोफेसर भौतिकी विभाग ने कल्पना चावला साइंस सोसाइटी की ओर से मुख्य वक्ता डॉ. रमेश कुमार को प्रंशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



### युवा शहीदों के सपनों का राष्ट्र बनाने में दें योगदान

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के इतिहास एवं रक्षा अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शहीदी दिवस के उपलक्ष में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का विषय वर्तमान में शहीद भगत सिंह के विचारों की प्रासंगिकता रखा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह के नेतृत्व में शनिवार को अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की प्रतिमाओं के समक्ष पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम का परिचय व स्वागत इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरुचि शर्मा ने किया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके सपनों के राष्ट्र का निर्माण में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए।

### पुलिस जवानों का कल्याण सर्वोपरिः एसपी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि पुलिस प्रशासन के लिए जवानों का कल्याण सर्वोपरि है। ऐसे में संबंधित अधिकारी उनकी जरूरतों व सुविधाओं का ध्यान रखें और समस्याओं का समाधान करें।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन शनिवार को पुलिस लाइन स्थित जीओ मैस के मीटिंग हाल में वेलफेयर बैठक को संबोधित कर रहे थे। इसमें पुलिस अधीक्षक ने जिला के सभी थाना, चौकी, क्राइम युनिट व पुलिस लाइन से आए पुलिस कर्मियों की वेलफेयर से संबंधित समस्याएं सुनी और निवारण के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## ब्रह्मलीन दयालदास महाराज जैसे विरले ही होते हैं संत: स्वामी

# आश्रम के बच्चों ने प्राणनाथ नाटिका के मंचन से मन मोहा

**श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर व बाल सेवा आश्रम, कैमरी के पांच दिवसीय 50वें वार्षिकोत्सव का किया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। संत सम्मेलन को संबोधित करते स्वामी टहल किशोर महाराज। फोटो: हरिभूमि

श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर व बाल सेवा आश्रम, कैमरी के पांच दिवसीय 50वें वार्षिकोत्सव स्वर्ण जयंती महोत्सव के चौथे दिन की शुरुआत भी 108 पारायण पाठ से की गई। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से पाठ का वाचन किया। हरियाणा के अलावा दूसरे प्रदेशों से भी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दोपहर बाद आश्रम के बच्चों द्वारा श्रीप्राणनाथ नाटिका का मंचन किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इससे पूर्व संत सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश के विभिन्न भागों से उच्चकोटि के संतों ने भाग लिया। गुजरात से आए स्वामी टहल किशोर महाराज ने अपने संबोधन में आश्रम के मुख्य संचालक रहे ब्रह्मलीन स्वामी दयालदास महाराज को याद करते हुए उनके साथ बिताये हुए संस्मरण सुनाए। उन्होंने स्वामी दयालदास की दयालुता के कई उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि जरुरी नहीं कि केवल पैसे वाले या ज्यादा पढ़े-लिखे की ही पूजा हो। अपने कर्मों के अनुसार अपनी समूचा जीवन भगवान की स्तुति व समाजसेवा में समर्पित करने वाला भी संसार में पूजा जाता है। स्वामी दयालदास का सारा जीवन परोपकार के कार्यों में लगा रहा। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनके देवलोकगमन जाने से संत जगत ने एक हीरा खो दिया है। उनकी पूर्ति कभी नहीं हो सकती। संत सम्मेलन में जम्मू से आए उमेशानंद महाराज ने कहा कि कैमरी की इस पवित्र भूमि पर इतने बड़े आयोजन में संतों के आने से संत समाज भी धन्य हो गया है। संत सम्मेलन में स्वामी राजेश्वरानंद, मुकंदशरण शास्त्री, दिव्यानंद महाराज, श्यामानंद महाराज, कृष्ण कबीर महाराज, स्वामी विवेकानंद महाराज आदि मौजूद रहे।

### मंच का संचालन राजदास महाराज ने किया

मंच का संचालन श्रीकृष्ण प्रणामी सर्व कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष राजदास महाराज ने किया। इसके बाद श्रीकृष्ण कथा की गई जिसमें परमहंस स्वामी सदानंद महाराज ने प्रवचन दिए। श्रीकृष्ण प्रणामी सर्व कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी राजदास महाराज ने बताया कि 23 मार्च को प्रातः 9:15 बजे श्री108 पारायण पाठ व श्रीकृष्ण कथा की पूर्णाहुति के बाद भंडारा चलाया जाएगा।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

- अहिल्याबाई होल्कर ने समाज व संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथिगण व कॉलेज स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशती जन्मजयंती समारोह के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय परंपरानुसार व्याख्यान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर उत्तर क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य सीताराम व्यास उपस्थित हुए। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने समाज, संस्कृति, और प्रशासन के क्षेत्र में कई योगदान दिए. वे मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी थीं। अपने सामाजिक और आर्थिक सुधारों के अलावा, अहिल्याबाई कला और वास्तुकला की एक महत्वपूर्ण संरक्षक थीं। उन्होंने कई मंदिर, किले और सार्वजनिक स्मारक बनवाए जो उनकी कलात्मक रुचि को दर्शाते हैं। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा व महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का शासनकाल उनके असाधारण नेतृत्व, साहस और अपने लोगों के कल्याण के प्रति समर्पण का प्रमाण है। कार्यक्रम में सहजिला संचालक मोहित, जिला कार्यवाह सतीश कुमार, हकृवि वैज्ञानिक प्रो. सुशील, पूर्व प्राचार्य सुनील दत्त आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने प्राप्त की खेती की जानकारी

- जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहबलपुर में किया सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के दौरान मौजूद जाट कॉलेज के विद्यार्थी।

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने गांव बहबलपुर में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया। जानकारी देते हुए भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्राध्यापिका हर्षलेखा ने बताया कि महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने सर्वेक्षण में भाग लिया तथा बहबलपुर गांव के लगभग 400 घरों से सर्वेक्षण से जुड़ी जानकारी जुटाई। विद्यार्थियों ने एक प्रश्नावली के माध्यम से गांव की बसावट के इतिहास, कृषि योग्य भूमि, सरकारी सुविधाओं, मनरेगा स्कीम तथा अन्य पहलुओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की। इसके अतिरिक्त गांव में गाजर की खेती तथा कृषि यंत्र बनाने के व्यवसाय के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। सर्वेक्षण में गांव के सरपंच रमेश कुमार ने विद्यार्थियों का पूर्ण सहयोग किया। भूगोल विभाग के प्राध्यापक नरेश कुमार ने विद्यार्थियों का सर्वेक्षण के दौरान मार्गदर्शन किया।

# स्केटिंग कैंप का हुआ शुभारंभ

- होली चाइल्ड स्कूल में सात दिवसीय स्केटिंग कैंप में बच्चों ने की जमकर मस्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। स्केटिंग का प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को सात दिवसीय स्केटिंग कैंप का शुभारंभ हुआ। इस कैंप में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से प्रमाणित खेल कोच विद्यार्थियों को स्केटिंग के तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ इस खेल में उपलब्ध करियर संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली चाइल्ड स्कूल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में स्केटिंग के लिए एक उत्कृष्ट छायादार स्केटिंग रिंग उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थी किसी भी मौसम में अभ्यास कर सकते हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी विद्यार्थी जीवन का अहम हिस्सा हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में अन्य खेलों के साथ अब स्केटिंग का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# मलिक टोयोटा ने लॉन्च की नई हाईलक्स

- आजकल ब्लैक कलर की गाड़ियां काफी ट्रेंड में : अक्षय मलिक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। नई ब्लैक एडिशन टोयोटा हाईलक्स की लॉचिंग पर मौजूद मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक व अन्य। फोटो: हरिभूमि

मलिक टोयोटा ने शनिवार को अपने हिसार स्थित शोरूम पर टोयोटा हाईलक्स के नए ब्लैक एडिशन को लॉन्च किया। टोयोटा हाईलक्स एक दमदार ऑफ रोडींग ट्रक है जो कि अपनी बेहतरीन परफॉरमेंस और 4 गुना 4 क्षमता के लिए जाना जाता है। टोयोटा द्वारा सन 1968 में टोयोटा हाईलक्स को लॉन्च किया गया था तब से लेकर आज तक 180 से भी ज्यादा देशों में अपनी जगह बना चुकी है। टोयोटा हाईलक्स के नए ब्लैक एडिशन को लॉन्च करते हुए मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक ने कहा कि आजकल ब्लैक कलर की गाड़ियां काफी ट्रेंड में हैं जिन्हें खासकर आजकल के युवा लोग पसंद करते हैं। इसी ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए टोयोटा ने हाईलक्स के नए ब्लैक एडिशन को लॉन्च किया है। ब्लैक एडिशन में आपको नई ब्लैकआउट रैडीऐटर ग्रिल, ब्लैक अलॉइ व्हील्स, रेड कलर का फ्रन्ट अन्डर रन और ब्लैक कलर के डोर हैन्डल व ओआरवीएम मिलते हैं। साथ ही ब्लैक एडिशनमें फेन्डर गार्निश व फ्यूल लिड गार्निश भी मिलती है। टोयोटा हाईलक्स एक खास श्रेणी के लोगों के लिए बनाई गई हैं जिन्हे ताकत ०लग्जरी का मेल एक मॉडर्न पिकअप के द्वारा मिलता है। इसका 2800 सीसी का दमदार इंजन ड्राइविंग के दौरान अपनी ताकत का अनुभव देता है। फ्रन्ट में 5 सीटर कैबिन में आपको सभी कम्फर्ट और लग्जरी के फीचर्स देखने को मिलते हैं जिनकी आप टोयोटा फोरचूनर से भी तुलना कर सकते हैं। नई ब्लैक एडिशनटोयोटा हाईलक्स की एक्स शोरूम कीमत 37.90 लाख रुपये है।

# छात्राओं को दी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

- महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर, खुद की रक्षा करने में भी बने आत्मनिर्भर : डॉ. सहरावत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। एफसी कॉलेज में आयोजित सेल्फ डिफेंस कैंप में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देते कोच रोहतास कुमार। फोटो: हरिभूमि

एफसी महिला कॉलेज में सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया। इमसें सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कुमार ने कॉलेज की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। इस अवसर पर एफसी कॉलेज की प्रिंसिपल अनीता सहरावत, सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रिंसिपल डॉ. उर्मिला मलिक, कॉलेज प्रोफेसर्स व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कैंप का आयोजन डॉ. पल्लवी आर्या व अल्पना गुप्ता ऑग्रेनाइजर एनएसएस पीओ एफसी कॉलेज की देखरेख में हुआ। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अनीता सहरावत ने कहा कि आज जब महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं तो उन्हें खुद की रक्षा करने में आत्मनिर्भर होना भी जरूरी है और इसके लिए सेल्फ डिफेंस अनिवार्य है। इसलिए लड़कियों को इसकी ट्रेनिंग जरूर लेनी चाहिए। कैंप के दौरान 100 छात्राओं ने सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग ली। सीआर लॉ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रिंसिपल डॉ. उर्मिला मलिक ने कहा कि आज के दौर में लड़कियों के लिए सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग बेहद जरूरी है। रोहतास कुमार ने बताया कि कैंप में उपस्थित हुए अतिथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनमें प्रिंसिपल अनीता सहरावत, सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रिंसिपल डॉ. उर्मिला मलिक, समाजसेविका साधिका अरोड़ा, रेखा गर्ग व नीतू जैन तथा समाजसेवी प्रवीन हिन्दू शामिल रहे।

# डॉ. राजेश जांगड़ा की कलाकृति में छिपी जल संचय के मूल भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। डॉ. राजेश जांगड़ा की चित्रकारी देखते हुए अतिथि।

राष्ट्रीय जल शक्ति दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय जल शक्ति अभियान के तहत सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्रालय हरियाणा एवं आर्ट एंड कल्चर विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पंचकूला में आयोजित इस कार्यशाला में देश भर से 20 चित्रकारों को आमंत्रित कर जल संचय (कैच दी रेन 2025) विषय पर चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी एवं सिंचाई विभाग की आयुक्त रेणु हुड्डा ने किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिरान में कार्यरत ललित कला प्राध्यापक, हिसार के प्रसिद्ध चित्रकार डॉ. राजेश जांगड़ा ने कैनवास पर बचपन में कागज की कश्ती जो बारिश के पानी में चलाई जाती थी से लेकर जीवन के अंत तक जल के महत्व का बोध करवाया और भविष्य में जल संकट से कैसे बचा जा सके ऐसे भावों को प्रकट करती हुई प्रभावमयी कलाकृति का निर्माण किया। इस कलाकृति को देखकर कार्यक्रम अधिकारी रेणु हुड्डा ने डॉ. जांगड़ा की कलाकृति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में आर्ट एंड कल्चर विभाग की चित्रकला कार्यक्रम प्रभारी रेनू हुड्डा एवं अन्य अतिथियों ने डॉक्टर जांगड़ा को प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

- गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी की टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी हिसार ने झज्जर में आयोजित 37वीं हरियाणा राज्य इंटर बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 में ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान बीकेएन राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल और तृतीय स्थान राजकीय बहुतकनीकी, मंडी आदमपुर ने प्राप्त किया। खेल प्रभारी लेफ्टिनेंट संदीप ओला ने बताया कि संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान आयोजित विभिन्न इंटर बहुतकनीकी टूर्नामेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इनमें इंटर बहुतकनीकी फुटबॉल (हिसार), खो-खो बॉयज (हिसार), हैंडबॉल बॉयज (आदमपुर) और रिले बॉयज (झज्जर) में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त बास्केटबॉल बॉयज (रोहतक), रिले गर्ल्स (झज्जर) और एथलेटिक्स बॉयज (झज्जर) में रजत पदक तथा हैंडबॉल गर्ल्स (सिरसा) में कांस्य पदक जीता। इन परिणामों के आधार पर गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी, हिसार ने ओवरऑल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान के प्राचार्य सुनील कुमार ने टीम के सभी खिलाड़ियों, खेल अध्यक्ष अरविंद कुमार, खेल प्रभारी संदीप ओला , अंजलि जागलान और सभी खेल स्टाफ को बधाई दी।

## हकृवि में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ

# शिविर में 13 राज्यों के स्वयंसेवक ले रहे भाग

- समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करें स्वयंसेवक : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। दीप प्रजवल्लित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि स्वयंसेवकों में समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ाना, आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में योगदान, ग्रामीण विकास तथा व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का विकास करना राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों में शामिल है। राष्ट्रीय सेवा योजना नई दिल्ली के क्षेत्रीय निदेशक श्रवन राम व मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया और कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने धन्यवाद किया। मंच संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया।

### विकसित राष्ट्र भारत अभियान में युवा अहम

प्रो. बीआर काम्बोज शनिवार को छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय के सहयोग से विकसित भारत 2047 विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के शुभारंभ अवसर पर संबोधन दे रहे थे। इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर में असम, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक व हरियाणा से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में युवाओं का अहम योगदान होगा। विश्व में सबसे अधिक युवा भारत वर्ष में हैं। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है ।